एक नजर

हरदोई में अस्पताल की लापरवाही पर उठे सवाल, गर्भवती की मौत के बाद आठ मरीजों को छोड़कर भागा स्टाफ

हरदोई। शहर के सिद्धार्थ हॉस्पिटल में आठ माह की गर्भवती हिमांशी की मौत के बाद अस्पताल की व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। आरोप है कि गर्भवती की मौत के बाद अस्पताल संचालक रजनीश यादव समेत पूरा स्टाफ मौके से फरार हो गया। इतना ही नहीं, ऑपरेशन के बाद अस्पताल में भर्ती आठ मरीज भी डॉक्टरों और कर्मचारियों के अभाव में लावारिस हालत में छोड़ दिए गए।मामले की जानकारी मिलने पर डिप्टी सीएमओ डॉ. अखिलेश बाजपेई ने अस्पताल पहुंचकर मरीजों को दूसरे अस्पताल में शिफ्ट कराने और अस्पताल को सील करने की बात कही थी। हालांकि आरोप है कि न तो मरीजों को शिफ्ट कराया गया और न ही अस्पताल सील किया गया। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई पर भी सवाल उठ रहे हैं। मृतका के परिजन दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी और जेल भेजने की मांग कर रहे हैं। घटना ने निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली और स्वास्थ्य विभाग की निगरानी व्यवस्था को कठघरे में खड़ा कर दिया है।

सेंट जेवियर्स प्राइमरी स्कूल में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस, उपहार पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे



हरदोई। सेंट जेवियर्स प्राइमरी स्कूल में बाल दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से कक्षा चार तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक एवं मनोरंजक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय परिसर बच्चों की हंसी, उमंग और उत्साह से सराबोर रहा।कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियों, खेलकूद और मनोरंजक कक्षा गतिविधियों का आनंद लिया। वहीं विद्यालय की शिक्षिकाओं ने बच्चों के लिए शिक्षाप्रद नाटक और नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम को विशेष बना दिया। शिक्षिकाओं की प्रस्तुतियों ने बच्चों का खूब मनोरंजन किया।इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या मिसेज मौसमी ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों को उपहार भी वितरित किए। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।विद्यालय प्रबंधन ने भी सभी विद्यार्थियों को बाल दिवस की बधाई दी और कार्यक्रम के सफल आयोजन की सराहना की। पूरे विद्यालय में उत्सव जैसा माहौल रहा।

चाचा नेहरू की जयंती पर कार्यक्रम

सुलतानपुर कादीपुर। विधानसभा के कार्यालय पर भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया उनके द्वारा किए गए कार्यों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई कार्यक्रम का संचालन हृदय नारायण शुक्ला जी ने किया प्रमुख वक्ताओं में श्री अजय कुमार पांडे जीआलोक पांडे विश्वनाथ मिश्र ब्लॉक अध्यक्ष कादीपुर सर्वेंद्र सिंह पूर्व ब्लाक अध्यक्ष ध्रुव श्याम सिंह इश्तियाक अहमद जी योगेश सिंह जी आदि वक्ताओं ने विस्तृत चर्चा की विजयपाल गौतम विधानसभा प्रभारी कादीपुर ने कहा कि जब हमारा देश आजाद हुआ था तो जनता को पेट भरने के लिए अनाज नहीं उत्पन्न होता था प्रधानमंत्री जी की सूझबूझ एवं उनकी नीतियों से पूरे देश को खाद्यान्न उपलब्ध कराया गया और सी से लेकर हवाई जहाज तक का निर्माण भारत में होने लगा उनके द्वारा स्थापित गुटनिरपेक्ष आंदोलन में बहुत से देश जोड़कर पूरे विश्व की प्रमुख शक्तियों को प्रभावित करने का साहस रखते थे ऐसे महान नेता जो पूरे विश्व में प्रसिद्ध हुए और आम लोगों की कल्याण की तमाम योजनाएं चालू की जिस देश की गरीबी को दूर किया जा सके भाखड़ा नांगल बांध जैसी परियोजना इन्हीं के कार्यकाल में चालू हुई थी जिससे पूरे देश को बहुत ही लाभकारी रही इस अवसर पर ओम प्रकाश सिंह रोहित सिंह काली प्रसाद पांडे आशीष श्रीवास्तव अबरार सलमानी विपिन सिंह आदित्य मैं लोग उपस्थित थे।

विद्यालयों में धूमधाम के साथ मनाया गया बाल दिवस,लगे कई स्टाल व झूले

शिवगढ़ (रायबरेली)। क्षेत्र के सरकारी तथा गैर सरकारी विद्यालयों में बाल दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। गौरतलब हो कि गुरुवार को शिवगढ़ विकास क्षेत्र के सरस्वती शिशु मंदिर शिवगढ़, प्राथमिक विद्यालय शिवली सहित अन्य विद्यालयों में बाल दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। बाल मेले में फास्ट फूड और पानी पूड़ी सहित दर्जनों के स्टाल लगाए गए थे। बाल मेले में बच्चों द्वारा जमकर लुत्फ उठाया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य शिव पाल यादव ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया। वही आर.डी.आर. विद्यालय बाल दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया इस अवसर पर विद्यालय परिसर में बाल मेले का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन विद्यालय के प्रबंधक रविकांत वर्मा ने फीता काट कर किया। विद्यालय के प्रबंधक रविकांत वर्मा विद्यालय स्टाफके साथ बाल मेले में बच्चों द्वारा लगाए गए स्टालो का बारीकी से निरीक्षण किया बाल मेले में लगे स्टालों की प्रबंधक ने खूब प्रशंसा की। बाल मेले में बच्चों ने कई ग्रुपों के स्टाल, फास्ट फूड, पानी-पूरी, प्ले गेम एवं झूलों आदि के स्टाल लगाए थे। इतना ही नहीं बच्चों ने ऊंट की सवारी की। इस अवसर पर आरडीआरके विद्यालय का स्टॉफमें अनुज मिश्रा, अरुण उपाध्याय, विवेक सिंह, अमित कुमार, श्रुति शुक्ला, जान्हवी शुक्ला, प्रशांसी श्रीवास्तव, अंशिका श्रीवास्तव, अभिषेक बाजपेई सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडे की 87वीं जयंती पर लोगों ने अर्पित किए श्रद्धा सुमन

लालगंज (रायबरेली)। उत्तर प्रदेश सरकार की कल्याण सिंह सरकार में विधि एवं न्याय मंत्री रहे श्रद्धेय गिरीश नारायण पांडे की 87वीं जयंती पर लालगंज नगर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। कार्यक्रम में अनिन्द पांडे, अनूप पांडे, अजय पांडे ने मंच पर वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं और समाज सेवा से जुड़े लोगों का अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया। सम्मान पाकर कार्यकर्ताओं में उत्साह और नई ऊर्जा का संचार हुआ। कार्यक्रम के आयोजक और भाजपा के वरिष्ठ नेता अनंत पांडे अनूप ने कार्यकर्ताओं का अभिवादन करते हुए सभी को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे भाजपा के प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला ने कहा कि पूर्व मंत्री श्री पांडे जीवन पर्यंत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी से जुड़े रहे। वे सरेनी विधानसभा से दो बार विधायक रहे और कल्याण सिंह सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में विधि एवं न्याय जैसे महत्वपूर्ण विभाग की जिम्मेदारी संभाली।आपातकाल के दौरान तत्कालीन इंदिरा सरकार ने उन्हें जेल में डाल दिया था। लोकतंत्र की रक्षा के लिए उन्होंने जेल की यातनाएं सहीं, लेकिन अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। राम मंदिर आंदोलन में भी वे 15 दिन जेल में रहे। इसी कारण उन्हें लोकतंत्र सेनानी के रूप में भी सम्मान प्राप्त है। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रघुवीर इंस्टिट्यूट के अध्यक्ष रमेश कुमार दीक्षित ने कहा कि गिरीश नारायण पांडे ईमानदारी, सादगी और सुचिता के प्रतीक थे। राजनीति में रहते हुए भी उन्होंने कभी धन-दौलत और पद का मोह नहीं किया। वे हमेशा जनता के सुख-दुख में खड़े रहे। लालगंज में विद्या भारती की शाखा की स्थापना भी उन्होंने ही की थी। शिक्षा और संस्कार के क्षेत्र में उनका योगदान आज भी लोगों को प्रेरित करता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डलमऊ नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश दत्त गौड़, भाजपा क्षेत्रीय मंत्री अंजली मौर्य, राम वरदान सिंह, कैलाश बाजपेई आदि वक्ताओं ने कहा कि पांडे जी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा है। उन्होंने सिखाया कि राजनीति सेवा का माध्यम है, स्वार्थ का नहीं।

राइजिंग चाइल्ड स्कूल में धूमधाम से मना बाल दिवस





रायबरेली। पं. जवाहर लाल नेहरू 'चाचा' नेहरू का जन्मदिवस बाल दिवस के रूप में जनपद के सभी विद्यालयों में हर्षोल्लास एवं श्रद्धापूर्वक मनाया गया। विद्यालयों में छात्र/छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के स्वनिर्मित व्यंजनों के स्टॉल लगाये जिसका सभी ने लुत्फ उठाया और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। शहर के प्रभुटाउन स्थित राइजिंग चाइल्ड स्कूल में बच्चों के मनोरंजन एवं उत्साहवर्धन के लिए विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ प्रतिभाग किया। विद्यालय परिसर में दिनभर हर्षोल्लास का माहौल रहा। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव ने सभी बच्चों को बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चे देश का उज्ज्वल भविष्य हैं। प्रत्येक बच्चे में कोई न कोई विशेष प्रतिभा छिपी होती है। विद्यालय का प्रयास है कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और प्रतिभा को भी प्रोत्साहित किया जाए। बच्चों की खुशी और उनका सर्वांगीण विकास ही विद्यालय की सबसे बड़ी उपलब्धि है। विद्यालय के प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव, एडवोकेट ने बच्चों को उपहार भेंट कर बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बच्चों की खुशी और उनका सर्वांगीण विकास ही विद्यालय के सबसे बड़ी उपलब्धि है, उन्होंने कहा कि बचपन जीवन का सबसे अनमोल समय होता है। बच्चों को बेहतर शिक्षा, संस्कार और सकारात्मक वातावरण देना हम सभी की जिम्मेदारी है। आज के बच्चे ही कल के सशक्त, शिक्षित और जिम्मेदार नागरिक बनेंगे। उन्होंने बच्चों से खूब मन लगाकर पढ़ने, अपने सपनों को पूरा करने और जीवन में निरंतर आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के मनोरंजन के लिए अनेक आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की गईं। बच्चों ने 'बम-बम बोले', 'नन्हा मुन्ना राही हूं', 'बच्चे मन के सच्चे और 'कर हर मैदान फ्तेह' जैसे लोकप्रिय गीतों पर शानदार समूह नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों पर विद्यालय परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर बाल दिवस का भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी रवींद्रनाथ हरि, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सावन गुप्ता का विशेष सहयोग रहा।विद्यालय लियो कान्वेन्ट स्कूल, पूरे बाबा गोसाईं, बेला-भेला, उत्तरपारा, रायबरेली में बाल दिवस बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संगीत, नृत्य एवं विभिन्न प्रस्तुतियों में छात्र-छात्राओं ने रंग-बिरंगे पारिधानों में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विद्यालय की प्रबन्ध निदेशिका श्रीमती शुभ्रा सिंह ने कहा कि हर साल 14 नवंबर को पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में मनायी जाती है, जिन्हें बच्चों द्वारा ''चाचा नेहरू'' के नाम से प्रेमपूर्वक याद किया जाता है। कार्यक्रम में क्षेत्र के जरूरतमंद बच्चों पूजा, सूऐज, राजकिशोर, सूकमार, सुनीता, कान्ति, कोमल, अर्जुन आदि को आमंत्रित किया गया और प्रबन्ध निदेशिका द्वारा उन्हें कपड़े वितरित किये गये। लियों कान्वेन्ट द्वारा विगत वर्षों में भी यह कार्य किया जाता रहा है। विद्यालय की यह पहल बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं समान अवसर की भावना को दर्शाती है। इस अवसर पर विद्यायल की प्रधानाचार्या श्रीमती सुरभि सिंह, आचार्य द्विवेदी नगर, रायबरेली शाखा की प्रधानाचार्या श्रीमती दीपा तिवारी सहित समस्त अध्यापक/अध्यापिकाओं एवं कर्मचारियों का सहयोग रहा।**बाल दिवस पर एनएसपीएस में सजी खुशियों की पाठशाला, बाल मेले में बच्चों ने दिखाया हुनर**न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में बाल दिवस के अवसर पर पं. जवाहरलाल नेहरू की जयंती उत्साह पूर्वक मनाई गई। इस मौके पर विद्यालय परिसर में भव्य बाल मेले का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न स्टॉल लगाकर अपनी रचनात्मकता और हुनर का प्रदर्शन किया। मेले में खानपान के व्यंजनों के साथ खरीदारी और मनोरंजन का भी बच्चों ने खूब आनंद लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के संस्थापक-प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा ने किया, उन्होंने नेहरू जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद मेले का भ्रमण कर बच्चों के स्टॉलों का उत्साहवर्धन किया और खरीदारी भी की। इस दौरान गायन, नृत्य सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। विजेता प्रतिभागियों के साथ स्टॉल विनर, रनर, बेस्ट एंटरटेनर एवं लकी ड्रॉ के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया।

स्मार्ट चैम्प्स ऐकेडमी में बाल दिवस समारोह पूर्वक सम्पन्न



सुलतानपुर। दयानन्द विद्यालय, शास्त्रीनगर सुलतानपुर में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिवस पर आज 14 नवंबर को विद्यालय के बच्चों द्वारा %बाल मेला% का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक प्रो. डॉ. अरविन्द चतुर्वेदी ने फीता काटकर शुभारम्भ किया व बच्चों द्वारा लगाए गए स्टॉल पर जाकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया इस अवसर पर प्रो. डॉ चतुर्वेदी द्वारा भारत के प्रथम प्रधानमंत्री के अभूतपूर्व योगदान को बताते हुए यह कहा कि पं. जवाहर लाल नेहरू की ही देन है हमारे भारतवर्ष में आई.आई.टी, एम्स, इस्पात कारखाने, बाँध का निर्माण कराया गया व उनका बच्चों के प्रति प्यार भी अधिक था। उन्होने बताया कि बच्चों से अपार प्रेम के कारण ही उनके इस जन्मदिवस को वाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के स्टाल खाने-पीने के, गेम, आदि लगाए गए अभिभावकों व अध्यापक - अध्मापिकाओं द्वारा बच्चों का सामान खरीदकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर स्मार्ट चैम्प्स एकेडमी शास्त्रीनगर में भी नन्हे-मुन्नो बच्चों द्वारा कार्यकम प्रस्तुत किया. गया व विद्यालय के मैनेजर प्रो. डॉ. अरविन्द चतुर्वेदी द्वारा बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साह वर्धन दिया गया।उपस्थित प्रमुख लोगों में उदयराज आर्य, प्रधानाध्यापक अजित द्विवेदी, शमा जब्बीर, विवेकानन्द, रजनीकांत, जयसिंह यादव, रुपा शर्मा, सीमा वर्मा, कल्पना श्रीवास्तव, दिव्या, सिमरन, भारती, तान्या, श्रद्धा, समरजीत निशा आदि रहे।

देश के प्रथम प्रधानमंत्री का जन्मदिन कांग्रेसियों ने हर्षोल्लास पूर्वक मनाया

शिवगढ़ (रायबरेली)। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 137वां जन्मदिन कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व हर्षोउल्लास पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। गौरतलब हो कि शिवगढ़ क्षेत्र के बांदा- हाइवे के शिवली चौराहे पर स्थित काग्रेस कार्यालय पर ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश यादव के नेतृत्व देश के प्रथम प्रधानमंत्री पण्डित जवाहर लाल नेहरू की 137 वां जन्मदिन हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया इस अवसर पर कार्ग्रेसियो ने प्रधानमन्त्री पं. जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके बाद में एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। इस दौरान दिनेश यादव ने कहा कि आधुनिक भारत की नींव रखने में पंडित जवाहरलाल नेहरू की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वहीं पंडित नेहरू ने कृषि, उद्योग, सिंचाई और बिजली परियोजनाओं के विकास पर ध्यान केंद्रित किया।

थाना समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने सुनीं जनशिकायतें

अमेठी । माह के द्वितीय शनिवार को जनपद के समस्त थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसी क्रम में जिलाधिकारी शशांक चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने थाना अमेठी पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने एक-एक कर फरियादियों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों से प्रकरणों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण पूरी निष्पक्षता पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ किया जाए। किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए तथा शिकायतकर्ता को उसकी समस्या के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों एवं थानों के चक्कर न लगाने पड़ें। जिलाधिकारी शशांक चौधरी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित एवं प्रभावी समाधान उपलब्ध कराना है। इसलिए प्राप्त शिकायतों को केवल औपचारिकता तक सीमित न रखा जाए बल्कि प्रत्येक प्रकरण की गंभीरता से जांच कर उसका स्थायी एवं न्यायोचित समाधान सुनिश्चित किया जाए। भूमि विवाद एवं राजस्व से संबंधित मामलों में राजस्व तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर वस्तुस्थिति की जांच करे और तथ्यों के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करे। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही शिथिलता अथवा अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि पुलिस से संबंधित शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाए तथा राजस्व विभाग से जुड़े मामलों में संबंधित अधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायतकर्ता की बात गंभीरता से सुनी जाए और प्रकरण की निष्पक्ष जांच करते हुए न्यायसंगत कार्रवाई की जाए। आमजन में पुलिस एवं प्रशासन के प्रति विश्वास बनाए रखना सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है। समाधान दिवस के दौरान भूमि विवाद राजस्व संबंधी प्रकरणों पारिवारिक विवादों तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न शिकायतों की सुनवाई की गई। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों की प्रकृति के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए निर्धारित समयसीमा में निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी अमेठी तहसीलदार अमेठी थानाध्यक्ष अमेठी सहित राजस्व पुलिस एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

विद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया बाल दिवस



मुसाफि रखाना अमेठी । सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कृष्ण नगर मुसाफि रखाना-अमेठी में बाल दिवस का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया।

नन्हे मुन्ने बच्चे रंग बिरंगी ड्रेस में स्कूल पहुंचे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संरक्षक गंगेश सिंह के साथ विद्यालय के अध्यक्ष श्रीमान संतोष श्रीवास्तव जी प्रबंधक श्रीमान विनोद प्रकाश पांडे जी के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर आरंभ किया गया। इस अवसर पर राष्ट्र सेविका समिति अमेठी की जिला कार्यवाहिका बहन निशा त्रिपाठी , विद्यालय के उपाध्यक्ष सुरेंद्र, कोषाध्यक्ष पवन कौशल जी तथा समिति की सदस्या बहन श्रीमती सुषमा के साथ अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहेसइस अवसर पर अनेक छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की दुकाने जैसे फु ल्की,चाट,चाउमीन इडली सांभर भेलपूरी, फ्रूट चाट, पास्ता, माइक्रोनी, छोला आदि दुकाने लगाकर प्रतिभाग किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर विद्यालय के अभिभावक, माताएं, बहिनें एवं पूर्व छात्र/छात्राएं भारी संख्या में उपस्थित होकर भैया/बहिनों का उत्साह वर्धन करते हुए प्रोत्साहन प्रदान किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित सभी आचार्य/आचार्या बहिनों तथा सभी कर्मचारियो का योगदान रहा।

पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के अवसर पर शनिवार को बाल दिवस मनाया गया।

इस मौके पर विकासखंड भेटुआ के राजस्व ग्राम संड़िला स्थित प्राथमिक विद्यालय संड़िला में बाल मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मिशन सक्षम के तहत बच्चों की भाषा और गणितीय दक्षता विकसित करने के लिए पठन एवं लेखन अभ्यास से हुई। इसके बाद बच्चों ने उत्साहपूर्वक अपनी दुकानें सजाईं।कक्षा चार की छात्रा समृद्धि भट्ट ने छोले का ठेला लगाया तो कक्षा पांच के छात्र यश शर्मा फु ल्की की दुकान लेकर पहुंचे। बच्चों ने मेले के लिए सामान घर से तैयार करवाकर लाया था। अभिभावकों ने भी मेले में पहुंचकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। इस गतिविधि से बच्चों को गणितीय गणना, खरीद-बिक्री और व्यवहारिक ज्ञान सीखने का अवसर मिला।इस मौके पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक दयाशंकर ओझा, सहायक अध्यापक राहुल यादव, शिक्षामित्र संत राम, नलिनी देवी तथा ग्रामीण बजरंग बहादुर शर्मा, कमला रमण और करमैता निर्मला सहित कई लोग मौजूद रहे।

एक नजर

पुरानी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट

मुंशीगंज अमेठी । थाना क्षेत्र अंतर्गत सराय खेमा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। दोनों पक्षों की महिलाओं ने एक-दूसरे पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी ऊषा ने आरोप लगाया कि शिवबहादुर उनकी पत्नी मंजू रंजीत और उनकी पत्नी अंजू पुरानी रंजिश में घर में घुस आए। उस समय अकेला पाकर लाठी-डंडों से उनकी और बच्चों की पिटाई कर दी। पीड़िता ने आरोपितों से परिवार की जान-माल को खतरा बताते हुए कार्रवाई की मांग की है। वहीं दूसरे पक्ष की कमलेश कुमारी का आरोप है कि 12 नवंबर की शाम करीब सात बजे दिनेश जयबहादुर और सावित्री उन्हें और उनकी बेटी को अपने घर में ले गए मारपीट की। शोर मचाने पर ग्रामीणों को आता देख आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले।प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

नाम स्मरण से होता है मनुष्य का कल्याण

मुंशीगंज अमेठी । क्षेत्र के उलरा गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में शनिवार को कथा व्यास ने भगवान ऋषभदेव जड़भरत अजामिल वृत्रासुर और राजा चित्रकेतु के प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा का शुभारंभ भगवान ऋषभदेव के चरित्र से हुआ। इसके बाद जड़भरत के जीवन प्रसंग और राजा रहूगण को दिए गए आत्मज्ञान के उपदेश की कथा सुनाई गई।अजामिल उपाख्यान के माध्यम से कथा व्यास ने भगवन्नाम की महिमा बताते हुए कहा कि भगवान के नाम का स्मरण मनुष्य के जीवन को कल्याणकारी बनाता है। कथा के दौरान सप्तम स्कंध का शुभारंभ करते हुए हिरण्यकश्यप और भक्त प्रह्लाद का प्रसंग सुनाया गया। कथा व्यास ने कहा कि हिरण्यकश्यप के तमाम अत्याचार भी प्रह्लाद की आस्था को डिगा नहीं सके। अंततः भगवान श्री नरसिंह ने प्रकट होकर अपने भक्त की रक्षा की। उन्होंने कहा कि सच्चे मन से भगवान की भक्ति करने वालों की रक्षा स्वयं भगवान करते हैं। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति भाव से प्रसंगों का श्रवण करते रहे।

थानाध्यक्ष ने नगाड़ा बजवाकर कराई मुनादी

अमेठी । थाना क्षेत्र संग्रामपुर के टिकरिया भौसिंहपुर निवासी सुजीत पांडेय को छह माह के लिए जिला बदर किया गया है। शनिवार को थानाध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अमेठी-प्रतापगढ़ जनपद की सीमा के पास लोहिया नगर में नगाड़ा बजवाकर मुनादी कराई। इसके जरिए जिला बदर की कार्रवाई की जानकारी सार्वजनिक की गई।पुलिस के अनुसार सुजीत पांडेय के खिलाफउत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। जिलाधिकारी न्यायालय में हुई सुनवाई के बाद 21 अक्तूबर 2026 को उसे छह माह के लिए जिला बदर करने का आदेश जारी किया गया था। इसके अनुपालन में पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से 12 नवंबर को थानाध्यक्ष संग्रामपुर को आदेश तामील कराने के निर्देश दिए गए थे।थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश का पालन कराते हुए जिला बदर की कार्रवाई की गई है। सुजीत पांडेय ने जिला बदर की अवधि में प्रयागराज जनपद में रहने की जानकारी दी है।

बाल दिवस पर याद किए गए चाचा नेहरू

अमेठी । देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं जवाहर लाल नेहरू का जन्म दिन शनिवार को साम्प्रदायिक सद्भाव और हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया गया। स्कूलों में बाल मेले आयोजित किए गए। मेले में बच्चों ने उत्साह से भाग लिया और खाद्य सामग्री की दुकानें लगाकर खूब बिक्री की। शिक्षक शिक्षिकाओं और अभिभावकों ने मेलों में खरीदारी की। कम्पोजिट विद्यालय भादर प्रथम में बाल मेले में बच्चों ने चाय समोसा बिस्कुट टाफी मोमोस पानी बतासा लाई चाकलेट आदि के स्टाल लगाए और खूब बिक्री की। अभिभावकों के साथ इं प्र अ संजीव कुमार देवांशु सिंह अवनीश वर्मा विजय प्रताप संध्या गुप्ता गणेश प्रसाद शर्मा लालती देवी स्नेहा शुक्ला प्रतिभा ओझा शिवकरन गुप्ता रिपु मौर्य निर्मला सीता बलवीर आदि ने मेले में खरीदारी कर बच्चों का उत्साह बढ़ाया।

कम्पोजिट विद्यालय दारानगर में उत्साहपूर्वक मिशन सक्षम अमेठी का संचालन

शुकुल बाजारअमेठी। जिलाधिकारी के निर्देशन एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कुशल नेतृत्व तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी शुकुल बाजार के संयोजन में कम्पोजिट विद्यालय दारानगर में मिशन सक्षम अमेठी उत्साहपूर्वक संचालित किया जा रहा है।बच्चों के पठन- पाठन में सुधार हेतु जनपद स्तर पर संचालित मिशन सक्षम कार्यक्रम का सफल आयोजन प्रधानाध्यापक राम कुमार की अगुआई में विद्यालय परिवार द्वारा बहुत ही मनोयोग एवं उत्साहपूर्वक किया जा रहा है। जिलाधिकारी की मंशानुरूप कार्यक्रम की सफलता हेतु विद्यालय परिवार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्यक्रम का सफल संचालन कर रहा है।जिसमें खण्ड शिक्षाधिकारी एवं एआरपी का बहुत अच्छा सहयोग मिल रहा है। जिससे कार्यक्रम की सफलता शत प्रतिशत सुनिश्चित है।

बूथ स्तर पर पूरे दम खम से जुटे कार्यकर्ता - बृजभूषण सिंह

सुलतानपुर। पंडित राम नरेश त्रिपाठी सभागार में शनिवार को भाजपा की जिला कार्यसमिति बैठक हुई। जिला प्रभारी बृजभूषण सिंह ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर दमखम से जुटकर संगठन मजबूत करने और जिले की पांचों विधानसभा सीटों पर जीत के लक्ष्य के साथ काम करने का आह्वान किया। पार्टी 19 नवंबर से 16 दिसंबर तक मतदाता जोड़ो अभियान चलाएगी। बूथ अध्यक्ष से जिलाध्यक्ष और वार्ड सदस्य से विधायक तक सभी पदाधिकारी घर-घर जाकर नए एवं छूटे पात्र मतदाताओं का पंजीकरण कराएंगे। 22, 23 और 24 नवंबर को विशेष अभियान चलेगा। महिला मोर्चा 28 से 30 नवंबर तथा युवा मोर्चा एक से तीन दिसंबर तक महिलाओं और पहली बार मतदान करने वाले युवाओं को जोड़ने के लिए अभियान चलाएगा।बृजभूषण सिंह ने कहा कि योगी सरकार में उत्तर प्रदेश विकास और कानून व्यवस्था के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है। आज उत्तर प्रदेश कानून के शासन का मॉडल बन गया है। सपा सरकार के कार्यकाल की कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा के पास समर्पित कार्यकर्ताओं की बड़ी टीम है। कार्यकर्ता मतदाता सूची लेकर घर-घर जाएं और कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता बनने से वंचित न रहे। मोदी और योगी सरकार की प्राथमिकता गरीब कल्याण है।जिला मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि जिला महामंत्री संदीप सिंह के संचालन में हुई नवनियुक्त प्रदेश एवं क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्यों,मोर्चों के

आवश्यकता है

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी द्वारा सम्बद्ध पं. शिवदयाल शुक्ल संस्कृत महाविद्यालय मनोहर नगर परैया नमकसार रायबरेली में शासन द्वारा स्वीकृत राज्यानुदानित उत्तर प्रदेश शासन द्वारा समय-समय पर निर्गत आरक्षण नियमावली के अन्तर्गत एवं सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी द्वारा निर्गत अर्हता अध्यादेश के अनुसार अधोलिखित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित होने के 21 दिन के अन्दर पंजीकृत डाक द्वारा सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग के लिए क्रमशः धनराशि 500/- एवं 350/- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रार्थियों के लिए आवश्यक है, के बैंक ड्राफ्ट जो प्रबन्धक पं. शिवदयाल शुक्ल संस्कृत महाविद्यालय मनोहर नगर पैरया नमकसार रायबरेली के नाम देय होगा। साथ समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते है।रिक्त पदों का विवरण व शैक्षिक योग्यता-1. प्राचार्य 01 पद (क) व्याकरण / साहित्य विषय में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि। (ख) पाँच वर्षों का स्नातकोत्तर स्तर के अध्यापन अनुभव।(ग) न्यूनतम आयु 30 वर्ष।2. सहायक अध्यापक व्याकरण 01 पद सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि द्वितीय श्रेणी।3. सहायक अध्यापक साहित्य 01 पद सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि द्वितीय श्रेणी।4. सहायक अध्यापक आधुनिक विषय हिन्दी 01 पद सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि द्वितीय श्रेणी।उपर्युक्त निर्धारित समय के उपरान्त एवं त्रुटिपूर्ण प्राप्त आवेदन पत्र निरस्त किया जायेगा। अभ्यर्थियों द्वारा जिस पद के लिए आवेदन किया जायेगा लिफाफे पर मोटे अक्षरों में अंकित किया जाएगा। आवेदन के साथ-साथ अभ्यर्थी अपना नाम पता लिखा दो लिफाफ रजिस्ट्री टिकट लगाकर अवश्य संलग्न करें। धन्यवाद ।

भवदीय प्रबन्धक

(श्री लखन शुक्ल) प. शिवदयाल शुक्ल

संस्कृत महाविद्यालय मनोहर नगर परैया नमकसार, रायबरेली-229305